राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

दिनांक: 25 सितंबर 2025

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में दिनांक 25 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में वंदन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई ।इसके उपरांत बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा रिया ठाकुर ने एक भावपूर्ण पहाड़ी गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्रिया (बी.ए. प्रथम वर्ष) और श्वेता किरण (बी.ए. तृतीय वर्ष) द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं।कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वयंसेवियों ने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग को हतोत्साहित करने हेतु एक शिक्षाप्रद नाटक का मंचन किया। इसके अनन्तर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह योजना युवाओं में राष्ट्र सेवा, सामाजिक दायित्व एवं व्यक्तित्व विकास की भावना का संचार करती है।प्राचार्य महोदय ने महाविद्यालय में एक नई पहल की शुरुआत की, जिसमें छात्रों को ट्रैफिक नियमों का पालन, नशे से दूर रहने, ज़रूरतमंदों की मदद करने तथा किसी भी अनुचित कार्य का विरोध करने की शपथ लेने हेतु प्रेरित किया । एवं कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने स्वयं एक शपथ ग्रहण कर शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किये।कार्यक्रम के अंत में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा सामूहिक हिमाचली नाटी प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमन शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवियों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं NSS के सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे।



Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

सहायकाचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Prog. Officer NSS
G.C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G.C. Jukh
Bilaspur (

Scanned with OKEN Scanner